करीरी लक्खी मेले में उमड़ रहा है श्रद्धा का सैलाब, कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन

टोडाभीम । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करीरी के भेरू बाबा के मेले का आयोजन बड़े ही हर्षउल्लास व धूमधाम के साथ आयोजित हुआ।सुबह से ही भक्तों का बाबा के दरबार में पहुंचना शुरू हो गया है। जो देर शाम तक चला।

हर वर्ष विशाल कुश्ती दंगल काआयोजन करीरी गाजीपुर गांव में किया जाता है। यहां पहाड़ी के ऊपर प्रसिद्ध भैरू बाबा का मंदिर है ।जहाँ सुबह 5:00 से ही भक्तों का आना शुरू हो जाता है ।और देर शाम तक भक्त मंदिर में पहुंचकर बाबा की पूजा अर्चना करते हैं। महिला व पुरुष अपने साथ घर से बने पकवान लेकर आते हैं। और भैरू बाबा को प्रसादी चढ़ाते हैं। लगभग 700 सीढ़ियां चढ़ने के बाद भैरू बाबा के मंदिर पर पहुंचा जाता है। और भक्त बाबा के दर्शन करते हैं।तीनों तरफ पहाड़ी से घिरा है कुश्ती का मैदान लोगों की भीड़ के आगे हो जाता है गायब वही करीरी गाजीपुर में स्थित कुश्ती दंगल का मैदान तीन तरफ से पहाड़ी से गिरा हुआ है ।जिससे कुश्ती देखने वाले लोग पहाड़ी पर बैठ जाते हैं। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती जाती है ।तो यह पहाड़ी गायब होती जाती है ।और सिर्फ देखने वाले दर्शक ही नजर आते हैं।

वहीं मेले में प्रसिद्ध कुश्ती दंगल का आयोजन होता है।जो 12 बजे बाद शुरू हो जाता है।

विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन करीरी में हुआ।

जिसमें राजस्थान सहित हरियाणा ,उत्तर प्रदेश ,पंजाब मध्य प्रदेश व दिल्ली से पहलवान पहुंचकर कुश्ती दंगल में भाग लेते है । 101 रुपए से शुरू हुई कुश्ती लाखों रुपए की इनाम राशि पर पहुंच जाती है ।

जिसमें अलग-अलग राशि पर अलग-अलग पहलवान अपना दमखम दिखाते। वही फाइनल कुश्ती में सिर्फ दो ही पहलवान रहते । मेला समिति के सदस्यों द्वारा जीतने वाले पहलवानों को तुरंत नगद इनाम की राशि दी गई।

इनाम की राशि बोलने पर पहलवान आते हैं मैदान में

जैसे ही इनाम की राशि बोली जाती है तो उसे राशि पर लड़ने वाले पहलवान मैदान के अंदर आ जाते हैं ।और फिर रेपरीयो द्वारा उनकी कुश्ती करवाई जाती है । शुरआत में छोटी राशि पर 6 से 7 कुश्ती आयोजित होती हैं। फिर जैसे इनाम की राशि बढ़ती जाती है ।वैसे ही सिर्फ चार या पाँच ही कुश्ती होती जाती है।वही फाइनल कुस्ती में सिर्फ दो ही पहलवान रहते है। 51 हजार पर ये लड़े पहलवान

वही 51 हजार की कुश्ती पर देवा पहलवान हरियाणा व रामवीर पहलवान बरौली धुल के बीच हुई यह कुश्ती भी बराबरी पर छुटी। फाइनल कुश्ती हुई 2 लाख 11हजार की करीरी दंगल में आयोजित हुआ।आखिरी मुकाबला निशांत पहलवान हरियाणा व सुखसैन पहलवान झज्जर के बीच हुआ ।जिसमें दोनों ही पहलवानों के बीच लगभग 20 मिनट की कुश्ती हुई ।दोनों ही पहलवानों ने काफी दमखम दिखाया और कुश्ती बराबरी पर छुट्टी।

खेलकूद स्पर्धा के संबंध में मीटिंग का आयोजन

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस वर्ष 2024 के उपलक्ष्य में विषेष रूप से सक्षम बच्चों एवं समाज में उनके प्रति विधिक जागृति फैलाने हेतु खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिता आयोजित करने को लेकर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के अध्यक्ष केशव कौशिक, जिला एवं सत्र न्यायाधीष, भरतपुर की अध्यक्षता में एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता की उपस्थित में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर ने बैठक में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा जारी दिषा निर्देषों की पालना करते हुए सफलता पूर्वक प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिष्चित करने हेतु आवष्यक रूपरेखा तैयार कर दिशा निर्देश प्रदान किए। सचिव के द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में विधिक सेवा दिवस, 2024 के अवसर पर विशेष रूप से सक्षम बालकों के लिए आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से प्रत्येक सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में अध्ययनरत विशेष योग्यजनों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया जाएगा। प्रतियोगिता में 8 वर्ष की आयु से लेकर 18 वर्ष की आयु या मानसिक मंदिता में 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष योग्यजन भाग ले सकते है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह प्रतियोगिता में कबड्डी व बॉली बॉल तथा एकल प्रतियोगिता में लंबी कूद, शॉटपुट, बैडमिंटन, कैरम, चैस, टेबिल टेनिस एवं पेंटिंग, चित्रकला प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी 17 सितम्बर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर में संपर्क कर सकते है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, भरतपुर आरडी बंसल, जेडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मनोज शर्मा, अति. जिला शिक्षा अधिकारी, एवं शारिरिक शिक्षक विजय सिंह उपस्थित रहे।

पौधा लगाया

भरतपुर (निस)। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा द्वारा मंगलवार को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा लगाया गया।

यह अभियान लोगों को प्रकृति से जोडने की अनूठी मुहिम है। इस कार्यक्रम में अनूप के आर मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एवं क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर बाघ परियोजना सवाईमाधोपुर, गणेश कुमार वर्मा उपवन संरक्षक भरतपुर, मानस सिंह उपवन संरक्षक वन्य जीव भरतपुर एवं केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया

हिंडौन सिटी । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैमरी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस दौरान डॉ प्रेम सिंह गुर्जर द्वारा महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के साथ ही मधुमेह, हीमोग्लोबीन, एचआईवी जांच करने के साथ ही सेहत पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया गया। डॉ प्रेम सिंह गुर्जर ने बताया कि हर महीने के नौ तारीख को स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। वैध जीतेन्द्र खटाना ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को जागरूक करना, मातृत्व मृत्यु दर को कम करने के साथ ही बच्चे के स्वस्थ जीवन और सुरक्षित प्रसव है। इस दौरान डॉ प्रेम सिंह गुर्जर की ओर से गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, वजन, ब्लडप्रेशर, एवं अन्य जांच निःशुल्क की गई। इसके अलावा टिटनेस का टीका, आयरन, कैल्शियम और आवश्यक दवाएं भी वितरित की गई। कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना ने बताया कि महिलाओं को सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। यदि किसी गर्भवती महिला में 7 ग्राम से कम खून होता है तो उसको सीवियर एनीमिया की स्थिति में रखा जाता है। लैब टेक्नीशियन अशोक सैनी ने बताया कि गर्भावस्था के समय महिलाओं को कम से कम चार प्रसव पूर्व जांच करानी चाहिए और डॉक्टर से नियमित सलाह लेनी चाहिए। भूपेन्द्र खटाना अधैत ने लोगों से अधिक से अधिक हरी सब्जियां, अंकुरित चने एवं दालें, गुड़ आदि का सेवन करना जरूरी होता है। इस दौरान डॉ प्रेम सिंह गुर्जर, वैध डॉ जीतेन्द्र खटाना, मेल नर्स बनवारी गुप्ता, मिथलेश सिंह, विजेन्द्र सिंह, समाजसेवी भूपेन्द्र खटाना सहित गोपाल पंवार, हैप्पी खटाना ने अच्छी सुविधाओं के लिए कैमरी सीएचसी स्टाफ का हर्ष व्यक्त किया ।

तीन जनों को आजीवन कारावास

धौलपुर। एडीजे कोर्ट धौलपुर ने हत्या के एक मामले में 3 जनों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर दोषियों को 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।अपर लोक अभियोजक केके शर्मा ने बताया कि करीब 3 साल पहले 12 मई 2021 को राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के नदौरा गांव में बिजली के तार डालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद हुई मारपीट में घायल युवक लाखन सिंह की तीन दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना को लेकर पुलिस थाना राजाखेड़ा में पीड़ित पक्ष की ओर से नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इस मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सावित्री आनंद निर्भीक ने इंद्रपाल उर्फ इंद्र (41) पुत्र केदार, पदम सिंह (42) पुत्र केदार और प्रमोद (25) पुत्र पदम सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अशोक गहलोत से की मुलाकात

भरतपुर (निस)। सैनी समाज के जिला अध्यक्ष रामेश्वर सैनी पार्षद के नेतृत्व में एक 11 सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उनके जयपुर आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनके लंबे समय के बाद स्वस्थ होने पर गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से राजनीतिक एवं सामाजिक बातों पर चर्चा की। इस मौके पर समाजसेवी टीटू सैनी राहुल सैनी शिव सैनी राज सैनी तुलसी ताखा प्रेम सिंह अवार कुन्ना साहू बंटी मनोज सैनी आदि मौजूद रहे

टेन्डर होने पर खुशी की लहर

भरतपुर (निस)। उप तहसील मुख्यालय लखनपुर थाना लखनपुर के भवन एवं कार्यालय के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 3 करोड 18 लाख रुपये बजट स्वीकृत करने पर समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर एवं ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की। समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर ने बताया की भरतपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अवगत करवाया कि थाना लखनपुर उप तहसील परिसर की ऊपरी मंजिल पर संचालित है वहां सुविधाओं के अभाव है। स्वयं का कार्यालय ना होने से पुलिसकर्मियों को राजकीय कार्य निष्पादन मे अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। क्षेत्रीय समस्या को देखते हुये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संज्ञान लेकर थाना लखनपुर के स्वयं के आवास एवं कार्यालय के लिए 3 करोड 18 लाख का बजट स्वीकृत किया है। थाना लखनपुर के कार्यालय एवं आवास के लिए बजट स्वीकृत होने एवं राजस्थान पुलिस इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा टेन्डर प्रक्रिया करने पर समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व क्षेत्रीय विधायक जगतसिंह का आभार व्यक्त किया ।

मीटिंग का आयोजन

भरतपुर (निस)। बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में अभिभावक शिक्षक का आयोजन किया गया। मीटिंग में आए अभिभावकों ने अपने बच्चों के बारे में विस्तृत मूल्यांकन प्राप्त किया। सब इंस्पेक्टर देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उनकी बिटिया छवि कक्षा 9 में पढ़ रही है और वह बाबा सुग्रीव विद्यापीठ के शिक्षण व मूल्यांकन व्यवस्था से पूरी तरीके से संतुष्ट हैं।

मजदूर संघ की स्थानीय शाखा की बैठक हुई

बयाना भरतपुर (निस)। वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की स्थानीय शाखा की बैठक हुई। जिसमें संघ के जबलपुर जोन के महासचिव अशोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता संघ के मंडल सचिव अब्दुल खालिक ने की। बैठक में संघ के शाखा उपाध्यक्ष आर के मीणा, सहायक सचिव कशिश कुमार, पॉइंट्स मैन संघ के अध्यक्ष दीपक बडगूजर सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य एवं रेल कर्मचारी व ट्रैकमैन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक में ओल्ड पेंशन स्कीम व एलडीसी ओपन टू आल लागू करने सहित रेलकर्मियों के अन्य मुद्दे भी छाए रहे थे। बैठक को संबोधित करते हुए जनरल महासचिव अशोक शर्मा व मंडल सचिव अब्दुल खालिक ने कहा कि यह सरकार कर्मचारियों पर दमनकारी नीति अपना रही है किंतु सभी रेल कर्मचारी अपनी एकता, संगठन की मजबूती और आत्मविश्वास को बनाए रखें तो उन्हें न्याय व विजय अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे की विश्व में खास पहचान बनाने और देश के विकास व सभी को आपस में जोड़े रखने में रेल कर्मचारियों का बड़ा योगदान है जिसे नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह सरकार अब यूपीएस के बहाने कर्मचारियों हकों व पेंशन एवं अन्य सुविधाओं तथा नई भर्तियों में कटौती करने की साज़िश कर रही है। जो कभी सफल नहीं होगी। बयाना आने पर संगठन के नेताओं का बैण्ड बाजों के साथ अगवानी कर फूल मालाएं व साफे पहनाकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

स्वरोजगार उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन

गंगापुर सिटी । स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आज दिनांक 10 सितंबर 2०24 को स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक स्वरोजगार उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापुर सिटी में भारत माता एवं माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिला संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अर्चना जी मीणा (अखिल भारतीय सह-कोर्डिनेटर स्वावलंबी भारत अभियान),श्री धर्मवीर जी मीणा (प्रांत उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद), श्रीमती राजेन्द्री जी मीणा (प्रधानाचार्य राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल), कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर बी एल मेनावत जी (प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय) रहे। श्रीमती अर्चना जी मीणा ने कहा कि स्वरोजगार,स्वदेशी, स्वावलंबन आदि विषयों पर सभी बालिकाओं को गहराई से प्रकाश डाला एवं उन्होंने बताया कि स्वरोजगार अत्यंत जरूरी है,क्योंकि स्वरोजगार करके देश के विकास में अपना योगदान देना है, जैविक खेती के बारे में भी गहराई से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता श्री धर्मवीर जी मीणा ने कहा कि बच्चों को पढाई के साथ-साथ स्वरोजगार के कार्य भी करने चाहिए एवं सभी बच्चों में हुनर जरूर होता है उसे हमें आगे बढाना है। मंच संचालन महेश गुप्ता सर्वेयर ने किया। डॉ बी एल मेनावत ने स्वावलंबन भारत अभियान के बारे में विस्तार से बताया एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम की महाविद्यालय के प्राचार्य एवं व्याख्याता एवं छात्राओं ने बहुत ही बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्ति रामकेश मीणा (जनजाति प्रांत सह संयोजक) नंदिनी जोशी (जिला सह संयोजक) अभिषेक सोनवाल (जिला समिति सदस्य), सत्येंद्र शर्मा (नगर मंत्री), अवधेश मीणा, प्रीति सोनवाल, एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य गण एवं व्याख्याता श्री महेश कुमार गर्ग, श्री महेंद्र कुमार मीणा, माइकल जी,सचिन गर्ग, रुक्मेश मीणा, फरीदा बानो, राहुल शर्मा एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति की साधारण सभा की बैठक खिरनी घाट स्थित अग्रवाल भवन पर भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल के मुख्य आतिथ्य में एवं भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा महामंत्री मुकेश सिंघल व युवा अग्रवाल महासभा अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल पिन्टू के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। अध्यक्षता सुरेश बंसल ने की। सह संयोजक मोहन मित्तल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में अग्रसेन जयन्ति के पावन पर्व पर होने वाले 8 दिवसीय कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करने एवं अधिक से अधिक अग्र बन्धुओं की सहभागिता के लिए विस्तार से विचार विमर्श हुआ। बैठक में मुख्य रूप से सह संयोजक सुंभाष जिंदल, महेश गोयल सर्राफ, आर.एस. गर्ग, आलोक बंसल, गोपाल चंद सिंघल सर्वेअर, अशोक जिंदल, प्रहलाद गोयनका आदि संस्था के पदाधिकारी कमेटीयों के सदस्य मौजूद रहे।

पदयात्राओं से शहर का माहौल धर्ममय हुआ

करौली(नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय से मंगलवार को करनपुर वाली गुमानो माता, इंदरगढ वाली माता, तिमनगढ वाले ठाकुर बाबा कि पदयात्रा रवाना होने के दौरान शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। करौली शहर से मंगलवार को करणपुर वाली गुमानो माता के भक्त पंडित अ'ोक शर्मा के नेतृत्व मे नवल बिहारी मंदिर से शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए माता के जयकारों के साथ पदयात्रा रवाना हुई सर्वप्रथम पंडित अशोक कुमार शास्त्री द्वारा माता रानी के रथ का मंत्रोचारणो के द्वारा माता रानी कि पूजा अर्चना की गई माता रानी की आरती के बाद यात्री नाचते गाते हुए माता कि ध्वजाओ को हाथ में लेकर फूटाकोट, अनाज मंडी,भूडारा बाजार,होली खिडकिया होते हुए करनपुर धाम के लिए रवाना हुई इस दौरान पंडित अ'ोक कुमार शास्त्री, योगेश शर्मा उर्फ योगी, दीपेंद्र पाल, बबलू बना, धीरेंद्र पाराशर, अतुल गुप्ता, योगेंद्र बना, गणेश शर्मा, दिलीप शर्मा, सुधीर नायर, अनीश शर्मा, नरेश शर्मा, गोविंद गुप्ता, मनीष पाल, अजय पाल, राधेश्याम गुप्ता, अमित शर्मा, सचिन शर्मा, सोनू हरदैनिया, देव शर्मा द्रव्य शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे। आज बुधवार को आ'ाकी वॉच टाबर पर वि'ाल भंडारा व माता रानी को छप्पन भोग लगाये जायेंगे इसके अलावा करौली शहर के नगाड खाना दरवाजा से नवीन जिंदल आदि भक्त मंडल कि ओर से दोपहर 3:00 बजे के करीब इंदरगढ वाली वीजासन माता कि धूमधाम के साथ पदयात्रा रवाना हुई इस दौरान जगह-जगह पदयात्रियो का पुष्प वर्षा कर शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया वही होली खिड़की स्थित मंदिर श्री सीताराम जी के प्रांगण से मंगलवार को तिमनगढ़ वाले ठाकुर बाबा की तृतीय पदयात्रा के रथ को महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह माली और भामाशाह कैलाप्रसाद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे

भरतपुर (निस)। स्थानीय जवाहर नगर स्थित होली मदर पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों टैबिल टेनिस चैम्पियनशिप में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस मौके पर विद्यालय के एडमिन ऑफिसर व खेल प्रभारी एए बैत्रो ने बताया कि विधालय से दो विद्यार्थी अनन्त फौजदार (अण्डर-11) कक्षा 5 व प्रांजल शर्मा (अण्डर-11) कक्षा 6 11 सिंतबर से 13 सितंबर के बीच कांगरा, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किये जा रहे यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिग टेबिल टेनिस चैम्पियनषिप 2024 में राजस्थान से प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगित में भाग लेने हेतू दोनों खिलाडी रवाना हो गये हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया

भरतपुर। भरतपुर में मंगलवार को भुसावर थाना क्षेत्र के करीब तीन दर्जन महिला पुरूषों ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर गांव से लापता हुई युवती को जल्द से जल्द तलाश करने एवं युवती को ले जाने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि उनके ही गांव की एक युवती 22 अगस्त को बिना बताए कहीं चली गई।

जिस पर पीडित परिवार ने लडकी के मोबाइल पर आए फोन नम्बरों पर संदेह जताते हुए भुसावर थाना पर युवती को बहला फुसला कर ले जाने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें दो नम्बरों पर युवती का सबसे ज्यादा फोन करना बताया गया।

पीडित परिवार ने पुलिस से जल्द से जल्द लडकी को तलाश करने की मांग की। लेकिन पुलिस युवती को अभी तक वापस नहीं ला पाई है। जिसे लेकर सीओ भुसावर, एएसपी, एसपी व जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन युवकी का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वहीं पुलिस के द्वारा अभी तक आरोपी आरोपियों के बारे में भी कुछ नहीं बताया गया है। जब भी पुलिस के पास जाते है उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। इसलिए परेशान होकर अब धरने पर बैठने को मजबूर हुए हैं।

छात्रों को आत्महत्या रोकथाम हेतु किया प्रेरित

करौली (नि.स.)। आत्महत्या रोकथाम दिवस पर स्वतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में जिला प्रशासन, नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड यूनिसेफ के तत्वावधान में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि शिविर में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य फजले अहमद, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी,बाल संरक्षण अधिकारी सविता शर्मा एवं चाईल्ड लाईन टीम सदस्य, प्रधानाचार्य अनूप शर्मा सहित अध्यापक उपस्थित रहें शिविर में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया है कि आत्महत्या एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है, विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वैश्विक स्तर पर हर वर्ष आत्महत्या के कारण सात लाख से अधिक मौतें होती हैं।

आत्महत्या से केवल एक व्यक्ति की ही मृत्यु नहीं होती, बल्कि प्रत्येक आत्महत्या के दूरगामी सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक परिणाम होते हैं, और यह दुनियाभर में व्यक्तियों और समुदायों को गहराई से प्रभावित करता है। इस कारण इसके रोकथाम के उपाये करने जरूरी हैं। सदस्य फजले अहमद ने कहा कि आत्महत्या रोकथाम दिवस वर्ष 2003 में पहली बार मनाया गया था यह दिवस प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस डब्ल्यूएसपीडी को पहली बार 2003 में इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मिलकर मनाया था, तब से प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया है कि इस दिवस का उद्देश्य यह संदेश देना है कि आत्महत्याओं को रोका जा सकता है। इसके लिए संगठनों, सरकारों और लोगों के बीच आत्महत्या को रोकने के लिए जागरूकता उत्पन्न कर आत्महत्या करने वालों को रोका जा सकता हैं आत्महत्या के कलंक को कम करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्याओं को रोकने के लिए खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। बाल संरक्षण अधिकारी सविता शर्मा ने सभी छात्र- छात्राओं को आत्महत्या के कारण एवं आत्महत्या के विचार आने पर परिवार जन एवं अपने दोस्तों, सहेलियों से बात करना चाहिए जिससे आत्महत्या के नकारात्मक विचार आने पर अकेले नही रहें ओर नशा करने से बचना चाहिए, जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि लाखों लोगों की जान हर वर्ष आत्महत्या के कारण चली जाती है, जिसमें 15 से 29 आयु वर्ग के लोगों में आत्महत्या मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है।

मूर्ति खंडित करने को लेकर नहीं लगा सुराग, पुलिस के हाथ खाली



समाज के लोगों का धरना जारी रहा।

कामां (निस)। कस्बे के जुरहरा रोड़ स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 19 दिवस के बाद पुनः रविवार देर रात्रि समाज कंटकों द्वारा मूर्ति को खंडित किए जाने के बाद समाचार लिखे जाने तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा। जिसे लेकर समाज के लोगों का धरना जारी रहा। जहां कामां क्षेत्र से आई जाटव समाज की महिलाओं ने धरने में शामिल होकर सरकार व प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पर्ची की सरकार द्वारा कानून व्यवस्था चारों तरफ फेल नज़र आ रही है। गुस्साई महिलाओं ने राजस्थान सरकार व प्रशासन पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि जब सरकार प्रशासन देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को सुरक्षित नहीं रख सकते तो आमजन में क्या संदेश देंगे और आमजन व दलित समाज कैसे सुरक्षित महसूस कर पाएगा। वही दूसरी तरफ गुस्साई महिलाओं ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए गंभीर आरोप लगाए और कहां की आज से 20 दिन पूर्व भी बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति को इसी तरह खंडित किया गया था। समाज के लोगों के साथ विधायक नोक्षम चौधरी ने प्रशासन पर दबाव बनाते हुए आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की जिस पर पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन में अपनी नोकरी को सुरक्षित रखने के लिए एक निर्दोष व लाचार युवक दीपक जाटव को मुख्य आरोपी बना कर जेल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश जारी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर रही आरोपियों की तलाश-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश चन्द्र यादव ने बताया कि रविवार देर रात्रि को बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया।

सांसद ने किया जलभराव वाली कॉलोनियों का दौरा

धौलपुर। जलभराव की समस्या से परेशान लोगों ने गत दिनों धौलपुर विधायक शोभारानी और सांसद भजनलाल जाटव के लापता होने के पोस्टर लगाए थे। जिसके बाद करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने मंगलवार सुबह धौलपुर शहर के नर्सरी रोड और नाले वाले रोड पर पहुंच कर जल भराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान सांसद ने स्थानीय लोगो से बातचीत कर सुझाव भी लिए। साथ ही नगर परिषद के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की निर्देश दिए।

सांसद भजनलाल ने बताया कि जिन कॉलोनियों में जलभराव हुआ है, वहां अतिक्रमण की समस्या हैं। इसके अलावा नगर परिषद की कई मशीन खराब पड़ी हुई है।

उन्होंने बताया कि जब नगर परिषद के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बजट ना होने की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। जिसके बाद सांसद ने अधिकारियों से आपदा राहत से एक करोड रुपए की राशि दिलवाने की बात कही।

इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, पूर्व सभापति कमल कंषाना, पूर्व प्रधान मोनू जादोन, तहसीलदार धर्म सिंह सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बजट घोषणाओं को पूर्ण करने के लिये अधिकारी सक्रिय रहकर कार्य करें : जिला प्रभारी मंत्री

करौली (नि.स.)। राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि बजट घोषणा 2024-25 को समयबद्ध पूर्ण करने एवं नियमित मॉनिटरिंग कर समस्त अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें जिससे राज्य सरकार के द्वारा जिले मे की गई घोषणाऐं समय पर पूर्ण हो सके। उन्होंने बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारीयों को फसलों कि विस्तार से गिरदावरी करने के निर्देश भी दिये।

जिला प्रभारी मंत्री मंगलवार को कलेक्टेट सभागार में बजट घोषणाओं के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने जिले मे बजट घोषणा के अंतर्गत सानिवि द्वारा की गई घोषणाओं की अब तक की प्रगति, जमीन आवंटन, शिलान्यास, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा सीएमएचओं को सपोटरा सीएचसी को उपजिला चिकित्सालय मे क्रमोन्नत करने, मंडरायल भवन को राशि स्वीकृत करने, गुडला उप स्वास्थ्य केन्द्र को पीएचसी मे क्रमोन्नत करने के कार्यो मे प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारी को रोंडकला मे 33ध्11 केवी संबधी कार्य करने, कुडगांव मे 132 केवी जीएसएस निर्माण कार्य सहित अन्य घोषणाऐं जैसे करौली-सवाई माधोपुर-गंगापुर सिटी-चंबंल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना, करौली हिण्डौन फोरलेन एवं पुल वाईपास हेतु समय पर डीपीआर बनाने, श्रीमहावीरजी मे खेडा नादौती मार्ग पर 25 करोड से नवीन पुल का निर्माण करवाने, कैलादेवी मे वाईपास, चैडागांव-जोडली-बूकना आदि मे सडक निर्माण सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिये। जिला प्रभारी मंत्री ने बैठक में बजट घोषणाओं के तहत कराये जाने वाले कार्यो के अलावा पिछले दिनों हुई वर्षा, अतिवृष्टि के कारण सडकों, स्कुलों एवं अस्पतालों की मरम्मत के प्रस्ताव भिजवाने, एनिकट, नहरों एवं अन्य सरकारी सम्पत्तियों की मरम्मत के प्रस्ताव,वर्षा के कारण खराब हुई फसलों की गिरदावरी की स्थि